हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 अप्रैल 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 टिटहरी ने दिए 4 अंडे, होगी अच्छी बारिश



08 भाजपा का ध्वज फहराकर उत्साह के ...




**लोकसभा क्षेत्र**

सीधी

1 **भाजपा प्रत्याशी**

डॉ. राजेश मिश्रा

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**

कमलेश्वर पटेल

**पिछली बार कौन जीता**

रीति पाठक

**जीत का अंतर**

2 लाख 86 हजार 524

### क्या रहेंगे मुद्दे?

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने गारंटियों की बात की थी, इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गारंटी देने लगे। चुनाव में दोनों की गारंटियां चल रही हैं। भाजपा कहती है कि 'कोई भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा यह मोदी गारंटी है। राजनीति में परिवारवाद को पनपने नहीं देंगे, यह मोदी की गारंटी है।' दूसरी तरफ कांग्रेस पांच वर्गों को न्याय दिलाने की बात कर रही है। इसके साथ पार्टी की लगभग दो दर्जन गारंटियां भी हैं। दोनों दलों के अपने राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दे हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए गए कार्य गिना रही है तो कांग्रेस उनकी सरकार में किए कार्य बता रही है।

## परिसीमन में सामान्य होने के बाद लगातार जीत रही भाजपा, समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में भाजपा के बागी अजय

# सीधी में भाजपा भारी पर माहौल एकतरफा नहीं, कांग्रेस दे रही कड़ी टक्कर

*सीधी से सांसद रहीं रीति पाठक इस बार मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने उनके स्थान पर डॉ. राजेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। बाहर से देखने पर भाजपा का पलड़ा भारी दिखता है, लेकिन माहौल एकतरफा नहीं है। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भाजपा को बगावत का सामना भी करना पड़ा है। राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह पार्टी से इस्तीफा देकर गोंगपा के टिकट पर मैदान में कूद गए हैं। सीधी क्षेत्र में आदिवासी मतदाताओं की तादाद अच्छी-खासी है। हर विधानसभा क्षेत्र में काफी तादाद में गोंगपा के परंपरागत वोट बताए जाते हैं। इनके सहारे अजय प्रताप हार-जीत के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में हैं। भाजपा को सीट पर कब्जा बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना पड़ रही है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

विंध्य अंचल की सीधी लोकसभा सीट से सांसद रहीं रीति पाठक को भाजपा ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था। अब वे विधायक हैं। उनके स्थान पर प्रत्याशी बनाए गए डॉ. राजेश मिश्रा कांग्रेस के साथ कड़े मुकाबले में फंसते दिख रहे हैं। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कमलेश्वर पटेल उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वजह दो हैं। पहला, क्षेत्र में पटेल सहित पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की अच्छी-खासी तादाद और दूसरा, भाजपा के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह का पार्टी से बगावत कर मैदान में उतरना। जहां तक सीधी सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है



डॉ. राजेश मिश्रा



कमलेश्वर पटेल

तो 2008 के परिसीमन के बाद यह सामान्य हुई है। तब से सीट पर भाजपा का कब्जा है। 2009 का पहला चुनाव गोविंद मिश्रा जीते थे। इसके बाद 2014 और 2019 के दो चुनाव भाजपा की ही रीति पाठक जीतीं। 2008 से पहले सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। तब कभी कांग्रेस और कभी भाजपा जीतती थी। सीधी में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी बदलने से राजनीतिक सीमकरण भी बदले हैं। जैसे अब तक भाजपा को सिंगरौली क्षेत्र में एकतरफा वोट मिल रहा था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल का इस क्षेत्र में अच्छा असर है। उनके परिवार के लोग यहां रहते हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने समर्थन किया तो क्षत्रिय और उनके प्रभाव वाला वोट भी भाजपा को नहीं मिलेगा। बचा खुचा अजय प्रताप सिंह ले जा सकते हैं। इसके अलावा सीधी क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी है। कमलेश्वर के पिता स्व इंद्रजीत कुमार का क्षेत्र में हर कोई सम्मान करता है। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा के डॉ. राजेश मिश्रा साफ-सुथरी छवि के हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उनकी बड़ी ताकत है। क्षेत्र में भाजपा का स्थाई वोट बैंक है। हालांकि राजेश बसपा से विधानसभा का एक चुनाव लड़कर हार चुके हैं। वे बाद में भाजपा में आए।

### विस में भाजपा ताकतवर कांग्रेस की हालत पतली

चार माह पहले नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी 2018 वाली स्थिति बहाल रखी है। पहले भी उसके पास 8 में से 7 सीटें थीं, अब भी हैं। 2018 में क्षेत्र की आठ में से सिर्फ एक सीट सिहावल में कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल जीते थे, जबकि 2023 में कांग्रेस के अजय सिंह चुरहट की सीट जीते। कांग्रेस के हालात पिछली बार जैसे इस मायने में भी हैं कि 2018 में अजय सिंह विधानसभा चुनाव हारे थे और 2019 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। इसी तरह इस बार 2023 में विधानसभा हारे कमलेश्वर को कांग्रेस ने लोकसभा का टिकट दे दिया। अजय सिंह को 2 लाख 86 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा था। कमलेश्वर पटेल कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह 4 जून को मतगणना के दिन पता चल सकेगा।

### तीन जिलों में फैला है सीधी लोकसभा क्षेत्र

भागौलिक दृष्टि से सीधी लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। पिछले चुनाव तक यह दो जिलों सीधी और शहडोल तक था, लेकिन बाद में सिंगरौली नया जिला बन गया। इसके बाद इसकी सीमा तीन जिलों को छूने लगी। लोकसभा की सीमा में आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से सीधी जिले की चार विधानसभा सीटें चुरहट, सीधी, सिहावल और धौहनी आती हैं। सिंगरौली जिले की तीन सीटें चितरंगी, देवसर और सिंगरौली हैं जबकि एक सीट व्यौहारी शहडोल जिले की है। इनमें से सिर्फ चुरहट में कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस के अजय सिंह 27 हजार 777 वोटों के अंतर से जीते हैं। शेष सभी सीटों में भाजपा काबिज है। उसकी जीत का अंतर कुल मिलाकर 2 लाख 2 हजार से ज्यादा है। इससे भाजपा की ताकत का पता चलता है।

### अजा-जजा, ब्राह्मण पिछड़ों का दबदबा

परिसीमन से पहले सीधी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। क्षेत्र की 8 में से 3 विधानसभा सीटें इस वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए भी एक विधानसभा सीट आरक्षित है। दोनों वर्ग के मतदाताओं की तादाद 4 लाख के आसपास बताई जाती है। इसके बाद ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के लगभग बराबर 3-3 लाख मतदाता हैं। पिछड़ों में पटेलों के अलावा काछी और यादव बड़ी तादाद में हैं। ब्राह्मणों के एकमुश्त वोट भाजपा के पाले में जाने की संभावना है। पटेलों के साथ कुछ अन्य पिछड़ी जातियां कांग्रेस के साथ जा सकती हैं। भाजपा के बागी गोंगपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह क्षत्रियों और आदिवासियों के कुछ वोट ले जा सकते हैं।


---

## देहात थाना पुलिस ने मामला विवेचना में लिया

# रसूलिया क्षेत्र के मकान में अचानक हुआ धमाका, तीन लोग हुए घायल

शहर के रसूलिया क्षेत्र में शनिवार को सुबह एक मकान में अचानक धमाका हुआ। जिसमें घर में मौजूद तीन सदस्यों को चोट आई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के रसूलिया क्षेत्र स्थित एक मकान में शनिवार को सुबह करीब 9 बजे अचानक धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मुआयना किया। रसूलिया क्षेत्र में रहने वाले रोहित साहू ने बताया कि वह सुबह सेठानीघाट गए थे वहां से लौटकर आने पर उन्होंने दरवाजा जैसे ही खोला अचानक धमाका हुआ। उस दौरान घर में डेढ़ साल की बच्ची, उसकी मां और दादा मौजूद थे। धमाके से घर में रखा सामान बिखर गया और घर में मौजूद तीनों सदस्यों को चोट आई। इतना ही नहीं ब्लॉस्ट इतना खतरनाक हुआ कि घर में रखे फ्रिज, कुर्सी समेत अन्य सामान गिर गए। दरवाजे-खिड़की तक टूट गए। सेकंड फ्लोर पर स्थित वेंटीलेशन का कांच टूटकर सड़क पर बिखर गया। धमाके के बाद पड़ोस के लोग पहुंचे और उन्होंने तीनों घायलों को बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस से 10.15 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से हादसे के सूचना मिलने के बाद देहात थाना पुलिस मौके पर घटनास्थल पर पहुंची। घर का मेन गेट का दरवाजा, खिड़की क्षतिग्रस्त था।बाथरुम और रुम का दरवाजा, खिड़की पूरी तरह टूटकर बिखरे थे। फ्रिज, किचिन, रुक का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। किचिन में पूजन स्थान पर जलने के निशान मिले। जानकारी के मुताबिक रोहित साहू प्राइवेट बैंक में कार्यरत है। जो ऑफिसर कॉलोनी में किराये के मकान में रहते है। आज शनिवार सुबह 8 बजे परिवार के साथ वे सेठानी घाट गए थे। घाट से जब वापस आएं, जैसे ही दरवाजा खोला, अचानक से एक तेज आवाज का ब्लॉस्ट हुआ। रोहित साहू का कहना है कि घर में ब्लॉस्ट कैसे हुआ, कुछ समझ में नहीं आ रहा। एलपीजी गैस सिलेंडर और फ्रिज का कंप्रेसर भी ठीक है। घायल सरिता साहू, उनके ससुर लक्ष्मण साहू और बेटी नविता का उपचार जारी है।

### जांच में जुटी पुलिस

देहात थाना पुलिस ने हादसे कैसे हुआ, इसकी जांच के लिए फारेसिंक टीम को घटनास्थल पर बुलाया। देहात थाना टीआई प्रवीण कुमार चौहान ने बताया संभावना है कि गैस सिलेंडर या फ्रिज के कंप्रेसर की गैस लीकेज के चलते ब्लॉस्ट हुआ होगा। जिसमें महिला, पुरुष घायल हुए। बच्ची को मामूली सी चोट है। एफएसएल अधिकारी से घटनास्थल की जांच करा रहे है।

# रजौन रेत खदान से हो रहा है उत्खनन और परिवहन, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

रजौन रेत खदान बंद है बावजूद वहां से धड़ल्ले से रेत खनन और परिवहन चल रहा है ग्रामीणों ने बताया सुबह-सुबह रेत से भरे डंपर प्रतिदिन निकल रहे हैं रेत का अवैध कारोबार चल रहा है लोडर से डंपर भरे जा रहे हैं। कीरपुरा, गुर्जरवाडा के रास्ते डंपर निकलते हैं कभी माखन नगर के मेंन रोड से डंपर निकल रहे है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की थी इसके बाद डंपर रास्ता बदल लेते हैं लेकिन उत्खनन और परिवहन नहीं रुक रहा है देर रात एवं सुबह-सुबह 4 बजे से 6 बजे तक रेत अवैध उत्खनन एवं परिवहन लगातार जारी है। ग्रामीणों ने बताया अवैध और उत्खनन और परिवहन की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की गई है वही रजौन मार्ग पर सुबह-सुबह सेर के लिए माखन नगर के शहर वासी एवं महिलाएं इसी रोड पर आते हैं डंपर और ट्रैक्टर ट्राली लगभग 10 फीट चौड़ी सड़क से



तेज स्पीड से धूल उड़ाते हुए निकलते हैं लोग सुबह घूमने तो स्वास्थ्य लाभ के लिए जाते हैं लेकिन उधर डंपर के कारण उड़ती धूल से प्रदूषण का सामना करना पड़ता है

### भारी वाहन निकलने से सड़क हो जाएगी खराब

व्यापारी विजय जैन ने बताया रजौन सड़क प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत बनी है जिसकी भार क्षमता 8 टन की है एवं नगर के मुख्य मार्ग की सीसी सड़क की भार क्षमता 20 टन की है लेकिन यहां से 80 90 टन वजन के डंपर निकल रहे हैं मैंने यह बात पुलिस जन संवाद में अधिकारियों के समक्ष रखी थी जिन्होंने आश्वासन दिया था कि इस मार्ग से भारी वाहनों का आवागमन बंद कराएंगे मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी बैरियर लगाने का सुझाव दिया था जिससे छोटे वाहन तो निकाल पाए भारी बहन इस रोड से ना निकले लेकिन कुछ नहीं हुआ वही ग्राम के सरपंच लखन कीर का कहना है तहसील एवं जिले के अधिकारियों से इस इसकी शिकायत की थी उसके बाद खदान में जाने के रास्ते पर नाली खोदी गई थी जिससे वहां खदान में भारी वाहन ना जाएं लेकिन उसके बाद भी खनन हो रहा है इस संबंध में खनिज विभाग के अधिकारी कृष्ण परस्ते से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि रेत खदान बंद है पहले भी वहां पर कार्रवाई की गई थी एक लोडर पकड़ा गया था उत्खनन और परिवहन बंद कराया जाएगा टी आई राजपाल यादव का कहना है कार्रवाई की जाएगी

### व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी सेल का किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने प्रतिदिन टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे समाचार, विज्ञापन एवं प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे हैं समाचार एवं विज्ञापन तथा सोशल मीडिया पर की जा रही राजनीतिक पोस्ट की जानकारी ली।

### स्थापना दिवस पर पूर्व डीएसपी सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी स्थपाना दिवस पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की उपस्थिति में भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व डीएसपी अभयराम चौधरी, कांग्रेस पदाधिकारी पूजा चुटीले, स्कूल संचालक अभिषेक दुबे, शांति निकेतन स्कूल के संचालक केएम जार्ज ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान राजो मालवीय पीयूष शर्मा मुकेश चंद्र मैना, नीतू महेन्द्र यादव, राजेश तिवारी, लोकेश तिवारी, सफलता तिवारी अर्चना पुरोहित, सागर शिवहरे, रोहित गौर सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



### भाजपा का 45वां स्थापना मनाया गया

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना 45वां स्थापना दिवस पर जिले के सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी का ध्वज फहराते हुए भाजपा की रीति-नीति का प्रसार कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सीमा सिंह जादौन ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस झंडा फहराया एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं पार्टी कार्यकर्ताओ को मिठाई खिलाकर पार्टी की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

# विद्यार्थियों ने किया प्रकृति पर्यावरण क्षेत्रों का भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल साकेत के द्वारा प्रकृति भ्रमण एक नेचर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थी एवं विद्यालय की प्राचार्य सीमा राय, इको क्लब की प्रभारी रेखा बड़गोत्री, चंद्र मोहन गौर, दीप्ति गोरिया, पंकज वर्मा, जितेंद्र शर्मा, रश्मि द्विवेदी, मंजू यादव आदि शिक्षकों के साथ एक प्रकृति भ्रमण हेतु तिलक सिंदूर गए। जहां पर सभी बच्चों ने प्रकृति पर्यावरण संरक्षण, नदी, जैव विविधता, जलसंरक्षण पहाड़ एवं पर्वत आदि का अवलोकन किया तथा वहां पर जल शुद्ध के अंतर्गत सफाई अभियान एवं पर्यावरण शिक्षण के अंतर्गत एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर पॉलिथीन मुक्त प्रदेश का संकल्प लिया गया तथा एक रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया व अन्य विभिन्न कार्यक्रम संपन्न कराए गए।

## उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाएं सुदृढ़ हों, खाद्य एवं कृषि विभाग के साथ-साथ एसडीएम डेली मॉनिटरिंग करें

# ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र में ग्रीष्मकाल में पेयजल का संकट उत्पन्न न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने समय सीमा की बैठक में पेयजल की स्थिति, विद्युत , उपार्जन, उर्वरक सिंचाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देश दिए की वह अभी से यह सुनिश्चित करे की भीषण गर्मी की स्थिति में गांव में पेयजल के स्त्रोत ना सुखे, किसी भी स्थिति में किसी भी गांव में पेयजल का संकट उत्पन्न ना हो।



यदि हैंडपंप बंद हो रहे हैं या हैंडपंप में जल का स्तर कम हो रहा है, तो वहां पेयजल का वैकल्पिक स्त्रोत सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं पीएचई विभाग के यंत्री इस संबंध में अलर्ट रहे। लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए किसी भी मतदान केंद्र पर भी हैंडपंप बंद न हो। प्राथमिकता से यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी हैंडपंप चालू स्थिति में रहे । कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्कूलों के हैंडपंपों को प्राथमिकता से सुधारा जाए। यदि कोई व्यक्ति हैंडपंप, नल जल योजना के स्त्रोत के समीप खुदाई कर रहा है तो उसकी जानकारी से जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिए ईई पीएचई को दिए। कलेक्टर ने विभाग को निर्देश दिया कि एक जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर कंट्रोल रूम का नंबर प्रकाशित कराए ताकि जिन्हे भी पेयजल से संबंधित कोई समस्या हो या कोई शिकायत करना चाहता हो तो वह इस कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क करके अधिकारियों को अवगत करा सके। कलेक्टर ने कहा कि शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगर पालिका अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं भी पेयजल के संकट की शिकायत आ रही है तो तत्काल उसका निराकरण करेंगे।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक, जिला नागरिक आपूर्ति अधिकारी एवं जिला विक्रय कर अधिकारी को निर्देश दिए हुए वे किसानों को जागरूक करें कि वह साफ सुथरा एवं एफएक्यू स्तर का गेहूं ही उपार्जन केंद्रों तक लाए। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष एफसीआई को गेहूं का परिदान करना है।

### रैली निकालकर दिया मतदान जागरूकता का संदेश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिपं सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिले में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में शनिवार को नपा द्वारा नगर के मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित बूथों में गृह भेंट कर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही नागरिकों को 26 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन मतदान करने एवं मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया और बताया वोट आपकी शक्ति है एवं इसका उपयोग आपका अधिकार है बताया गया।

## खबर संक्षेप

### दो शव मिलने से फैली सनसनी, थाने में दर्ज की थी गुमशुदगी

**बैतूल।** बैतूलबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेहरा में एक वृद्ध का शव कुएं में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सेहरा निवासी हिवराज लिल्होरे (55) का शुक्रवार की सुबह गांव के ही पास एक कुएं में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से वृद्ध के शव को कुएं के बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक मृतक दो दिन पूर्व से ही घर से लापता था। परिजनों ने वृद्ध की गुमशुदगी की शिकायत बैतूल थाने में दर्ज कराई थी। वृद्ध का शव शुक्रवार सुबह कुएं में पड़ा मिला है। बताया जा रहा है कि वृद्ध की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। वृद्ध कहीं भी घूमने के लिए निकल जाता था। हालांकि वह घर से बाहर जाने के बाद समय पर घर वापस भी आ जाता था, लेकिन दो दिन पूर्व वृद्ध घर से निकला और वापस नहीं आया। परिजनों ने तलाश शुरू की। वृद्ध के नहीं मिलने पर परिजनों ने इसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### लापता युवक का फांसी पर लटका मिला शव

**बैतूल।** बैतूलबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। बैतूल बाजार पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमदर निवासी काशीनाथ पिता दमडिय़ा कनाठे (37) का शव नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि काशीनाथ बुधवार से ही घर से लापता था। जिसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। शुक्रवार सुबह जानकारी मिली थी कि लापता युवक का शव फांसी पर लटका है। फांसी लगाकर आत्महत्या करने का कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। बयान दर्ज करने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट करने के बाद ही फांसी लगाने का कारण सामने आएगा। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। मर्ग कायम कर आत्महत्या मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक ने दूसरे युवक का कान किया अलग

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सामने की है जहां देर रात दो युवकों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद मारपीट में तब्दील हो गया और एक युवक मनीष पिता बन्डू निवासी चक्कर रोड़ ने नशे की हालत में अपने दांतों से शैलेंद्र सोनी पिता राधेश्याम सोनी निवासी मोती वार्ड का एक कान काटकर अलग कर दिया। वहीं उसने उसके सर एवं गाल पर भी काट लिया। कोतवाली थाना पुलिस को सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस ने दोनों युवकों को जिला चिकित्सालय लेकर आए, वहीं घायल का उपचार कराया गया और पीड़ित युवक के बयान दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बुजुर्ग की जलने से मौत

**बैतूल।** बैतूलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अर्जुन नगर कत्लखाना का है जहां देर रात लगभग 11 बजे के आसपास एक मकान के कमरे में आग लगने से 70 वर्षीय बुजुर्ग सिमरु पिता भारत धुर्वे उम्र 70 वर्ष की जलने से दर्दनाक मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय सिमरू चलने फिरने से लाचार था परिजनों ने उसके लिए घर के पीछे एक कमरा अलग से बनाया हुआ था। जहां वह रहता था और बुजुर्ग चिलम पीने का आदी था परिजनों के अनुसार रात 8 बजे उन्हें खाना भी दिया गया था इसके बाद परिजन कहीं चले गए और रात लगभग 10 से 11 बजे के आसपास पड़ोसियों ने कमरे से आंख की लप्टे उठती देखी तब जाकर देखा तब तक बुजुर्ग बुरी तरह जल गया था ।

## प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने जारी किया शोधपत्र, अब तक रहे हैं सटीक

# टिटहरी ने दिए 4 अंडे, होगी अच्छी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

टिटहरी के 04 अंडे जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल के वाणिज्य संकाय के भवन की छत पर विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश शेषकर, प्रयोगशाला परिचारक अनिल आठोले, तकनीशियन सुदर्शन महाते ने 4 अप्रैल 2024 गुरुवार को प्रातः 11 बजे देखे और डॉ. राजेश शेषकर ने महाविद्यालय के ही जूलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे को उसी दिन दोपहर 3.30 बजे जानकारी दी। इसके बाद डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा स्वयं ने टिटहरी के 4 अण्डों का अवलोकन परीक्षण किया। टिटहरी अंडों के पास दिखी, लेकिन हमारी हलचल से अण्डों से दूर हो गई, टिटहरी ने 4 अंडे भूरे रंग के काले धब्बे वाले दिए हैं। नर-मादा पक्षी लगातार अंडों को सेने का कार्य कर रहे हैं। पक्षी मानव हलचल होने पर दूर हो जाते हैं। इसका जूलॉजिकल नाम स्कोलोपेकस डे है।

डॉ. सुखदेव डोंगरे का शोध अध्ययन बताता है कि इस वर्ष 2024 में टिटहरी (सेंड पाइपर) ने 04 अंडे वाणिज्य भवन की छत पर दिए हैं एवं आर.एम. नाईक, पी.वी. जार्ज, बी धुर्वे (1961) मुंबई, मुनकर तेज (1985) पूना, एस श्रीधर करबंकी (1991) केसी टसंग व वांग लुअन केंग (2007) के अनुसार जिस वर्ष टिटहरी चार अंडे देती है उस वर्ष बारिश अच्छी होती है। टिटहरी पक्षी अक्सर जोड़े में मानसून के पहले दिखाई देते हैं। इनका प्रजनन का समय मार्च से अगस्त तक होता है। ये पक्षी एक स्थान से दूसरे स्थान, प्रदेश तथा दूसरे देशों में माइग्रेशन एवं प्रजनन करते हैं। कई देशों में लोग इनके अण्डों का उपयोग अस्थमा एवं टाइफाइड के



लिए करते हैं। इन पक्षियों को लोग त्वचा एवं वात की बीमारी दूर करने के लिए भी करते हैं। यह पक्षी 35 से.मी. लम्बे होते हैं इनके पंख एवं चोंच हल्के भूरे रंग की होती है, लेकिन सिर छाती और गर्दन का अग्रभाग काला होता है, बगल में सफेद रंग होता है, लाल आंख होती है। पैर लम्बे और पीले रंग के होते हैं, जिसके कारण तेज दौड़ते हैं। प्रायः टिटहरी टर्की, इराक, अफगानिस्तान, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, बर्मा, श्रीलंका में पाए जाते हैं। पक्षी नर व मादा समान होते हैं, लेकिन नर के पंख माता की तुलना में 5 प्रतिशत लंबे होते हैं, इनकी उड़ान धीमी होती है, लेकिन चाल बहुत तेज होती है। प्रजनन काल मुख्यतः मार्च से अगस्त तक नर टिटहरी पंख फैलाकर चोंच उठाकर मादा पक्षी के आस-पास घूमता है। बहुत सी मादा पक्षी होती, लेकिन एक नर एक मादा पक्षी के नजदीक जाता है, मादा पक्षी सूखी जगह पर अंडे देती है। अंडे भूरे रंग के जिस पर काले धब्बे पाए जाते हैं।



### सटीक साबित हुए हैं दो शोधपत्र

*शोधकर्ता डॉ. सुखदेव डोंगरे ने इसके पहले दो शोधपत्र 2012 एवं 2022 में टिटहरी के अण्डों पर प्रस्तुत किए थे। जिसमें 2012 में 61.25 बारिश हुई थी एवं 2022 में 63.50 इंच बारिश दर्ज की गई थी। टिटहरी को मानसून का पूर्वाभाष होता है। टिटहरी पक्षी प्रकृति के मौममी इशारों को समझकर नीचे अथवा ऊंचे स्थान पर अण्डे देती हैं। कभी 2 कभी 3 कभी 4 अण्डे देती हैं। अतः शोधकर्ता के अनुसार 2024 में बारिश अच्छी होने की पूरी उम्मीद एवं संभावनाएं जताई गई हैं। यह शोधपत्र सत्य साबित हुआ तो टिटहरी के चार अण्डे देने पर बारिश अच्छी होगी यह अनुमान वैज्ञानिक आधार भी माना जा सकता है।*

### वैज्ञानिक नहीं मानते लेकिन किसानों के लिए बारिश का यही आधार है

*मौसम वैज्ञानिक टिटहरी के चार अण्डे देने पर अच्छी बारिश होने की बात से सहमत नहीं हैं, परंतु राजस्थान, बुंदेलखण्ड के किसान इस धारणा को मान्यता प्रदान करते हैं। प्राणिशास्त्र के वैज्ञानिक, प्रोफेसर एवं शोधकर्ता टिटहरी के चार अण्डे देने पर यह मानते हैं कि बारिश बहुत अच्छी होगी। इनका यह भी मानना है कि मौसम के परिवर्तन का असर पक्षियों के शरीर पर पड़ता है। उसी आधार पर पक्षी माइग्रेश एवं प्रजनन करते हैं और अण्डे देते हैं। पक्षियों के व्यवहार में बदलाव मौसम परिवर्तन के कारण आता है। इस आधार पर कह सकते हैं टिटहरी ने अप्रैल 2024 में चार अण्डे उनके स्थान छत पर ऊंची जगह पर दिए हैं इसलिए 2024 में अच्छी बारिश होने की पूरी उम्मीद एवं संभावना है।*

## पुलिस ने एक शातिर बदमाश को पकड़ा

बैतूल। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार 5-4-2024 को आमला पोलिस ने लम्बे समय से फरार एवं अपराध करने की नियत से घूमते हुए एक शातिर बदमाश को पकड़ा जिसके पास से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस 315 बोर का मिला जो की अवैध होना पाया गया। आरोपी उदयभान पिता सुदामा वासुदेवा 26 साल निश रानी डोंगरी थाना आमला का निवासी है। पुलिस ने नीमझीरी जोड़ हसलपुर से शनिवार दोपहर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास अवैध आर्म्स एवम कारतूस पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध अपश क्रमांक 237/24 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बदमाश के विरुद्ध 5 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है। एक प्रकरण में आरोप पत्र भी लम्बे समय से लंबित था। कट्टे वा कारतूस की कीमत 8200 अनुमानित है।

## मेरा शहर मेरा घर अभियान के तहत नगर पालिका ने सार्वजनिक पार्कों प्रतिमा स्थलों और मंदिरों की सफाई

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2024 के तहत मेरा शहर मेरा घर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नगर पालिका परिषद सारनी की टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, पार्कों,मदीरों अन्य स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान लगातार जारी है।नगर पालिका परिषद सारनी के स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2024 के नोडल अधिकारी केके भावसार ने बताया कि स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2024 के तहत मेरा शहर मेरा घर अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम के निर्देशन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पार्कों, मंदिरों, स्मारकों,प्रतिमा स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत उक्त स्थानों पर नगर पालिका की टीम द्वारा साफ सफाई की गई। सभी क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों,मदिरों एवं पार्कों की सफाई का अभियान सतत जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से आम लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा अपने स्तर पर उक्त अभियान चलाया जा रहा है।इसमें आम लोगों की भागीदारी भी आवश्यक है।नगर को स्वच्छ एवं अंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है।

# पुलिस ने दबिश देकर महुआ लाहन और महुआ शराब बनाने के अड्डो को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हसलपुर, ठानीमाल रैय्यत क्षेत्र मे अवैध महुआ शराब के ठिकानों पर थाना आमला पुलिस द्वारा दबिस देकर महुआ लाहन एवं महुआ शराब बनाने के अड्डो को नष्ट किया गया ।



आगामी लोकसभा चुनाव में अवैध कच्ची महुआ शराब के ब्रिकी एवं परिवहन की रोकथाम हेतू अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी आमला सत्यप्रकाश सक्सेना के नेतृत्व में दिनांक 6.0.2024 को दोपहर के समय में ग्राम हसलपुर एवं ग्राम ठानीमाल रैय्यत के नजदीक प्राकृतिक नाले में कच्ची महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर दबिस देकर प्लास्टिक की केन और मटकों में देशी हाथ भट्टी की शराब बनाने हेतु तैयार किया गया प्रचुर मात्रा मे महुआ लाहन करीबन 500 किलो. एवं शराब बनाने के अड्डो को विधिवत नष्ट किया गया, महुआ लाहन की अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रूपये है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी आमला सत्यप्रकाश सक्सेना, चौकी प्रभारी बोडखी नितिन पटेल, उपनिरी. बाहिद खान, सउनि. एम एल गुप्ता, सउनि. गंभीर रघुंवशी, प्रआर. अलोक पटेल, आर. रोहित कुशवाह, आर. विवेक टेटवार का योगदान रहा।

### बड़े भाई ने छोटे भाई की लाठियों से पीटकर कर दी हत्या

*बैतूल। जिले के साईंखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़े भाई ने छोटे भाई की लाठियां से पीट कर हत्या कर दी है। हत्या इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल रही है। साईंखेड़ा थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने बताया कि ग्राम जावरा में गुरुवार की रात को मन्सु पिता तुकाराम उइके उम्र 45 वर्ष की बड़े भाई किशोर उइके उम्र 50 वर्ष ने लाठियों से पीटकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। पुलिस के मुताबिक झोपड़ी हटाने के को लेकर विवाद चल था। बताया गया कि गुरुवार की रात को दोनों भाईयों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा की बड़े भाई किशोर ने छोटे भाई मन्सु की लाठियों से पिटाई कर दी। गंभीर चोट लगने पर से मन्सु की मौत हो गई है।*

## मां कर्मा जयंती पर शहर में निकली वाहन रैली



**बैतूल।** मां कर्मा साहू समाज नगर समिति द्वारा मां कर्मा जयंती का भव्य आयोजन बैतूल नगर में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसके बाद विभिन्न मार्गों से निकली वाहन रैली में सैकड़ों सामाजिक जनों ने भाग लिया। इसके बाद नागदेव मंदिर सदर में समिति द्वारा वाहन रैली के जलपान की व्यवस्था की गई। उसके बाद, कर्मा मंगल भवन में 75 वर्ष पूर्ण किए बुजुर्गों का सम्मान, प्रतिभावान छात्रों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। सभी उपस्थित सामाजिक जनों ने फाग उत्सव मना कर हर्षोल्लास से फूलों की होली खेली। भोजन प्रसाद के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। मां कर्मा जयंती के अवसर पर काली चट्टान स्थित कर्मा भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साह और उत्सव भावना के साथ भाग लिया।

### ग्रहण की सदस्यता

## राठौर सहित दर्जनों बैतूलबाजार के कांग्रेसी भाजपा में शामिल



**बैतूल।** बैतूल विधानसभा क्षेत्र के बैतूलबाजार मंडल अंतर्गत मतदान केन्द्रों मे आयोजित भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बैतूलबाजार के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला, रामेश्वर राठौर सहित दर्जनों कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो गए है।

बैतूलबाजार के मतदान केन्द्र में आयोजित भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान बैतूलबाजार के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला, रामेश्वर राठौर बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं पूर्व सांसद व नर्मदापुरम बैतूल लोकसभा प्रभारी केपी यादव के समक्ष शनिवार को भाजपा में शामिल हुए। इसके पूर्व सोहागपुर में विधायक हेमंत खण्डेलवाल के समक्ष कांग्रेस नेता उपसंरपच रविन्द्र सरियाम, कृष्णा धाडसे, योगेश मालवीय, हेमंत चौधरी, गब्बर बाथरी भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल हुए नेताओं का बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बबला शुक्ला ने अंग वस्त्र पहनाकर गमछा उड़ाकर स्वागत किया।

# प्रशिक्षण मात्र औपचारिकता नहीं : प्रशिक्षण केंद्र में तन के साथ जरूरी है कि आप मन से भी उपस्थित रहे: कलेक्टर

**बैतूल।** निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि प्रशिक्षण मात्र औपचारिकता नहीं है। निर्वाचन के लिए आपको सौंपा गया दायित्व जितना महत्वपूर्ण है उतना ही संवेदनशील भी है। प्रशिक्षण केंद्र में तन के साथ मन की उपस्थिति भी जरूरी है। श्री सूर्यवंशी गंज क्षेत्र में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को मोटिवेशनली संबोधित कर रहे थे।



द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को बैतूल संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान के पूर्व की तैयारियों को बारीकी से देखने और समझने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी स्वयं हर स्तर पर चल रहे प्रशिक्षण एवं कार्यक्रमों पर भी सतत नजर बनाए हुए हैं। इसी अनुक्रम में वह गंज क्षेत्र में चल रहे प्रशिक्षण को देखने के लिए प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण को देखा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्य प्रशिक्षक श्री ठाकुर और उनकी टीम के सभी सदस्य निर्वाचन संबंधी नियमों और कार्य प्रणाली में पूरी तरह दक्ष हैं। आपको उनकी योग्यता का लाभ लेना चाहिए। आज के प्रशिक्षण में जहां सात पुरुष प्रशिक्षक उपस्थित है, वहीं सात महिला प्रशिक्षकों ने भी प्रशिक्षण में अपना योगदान दिया है। श्री सूर्यवंशी ने प्रशिक्षण के प्रति संतोष प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि मतदान के पूर्व दिवसों श्च2 और श्च3 के दिन निर्वाचन संबंधी कार्य पद्धति के इस प्रशिक्षण सत्र में 251 में से 244 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। 7 कमरों में चल रहे इस प्रशिक्षण के प्रत्येक कक्ष में श्री सूर्यवंशी ने प्रशिक्षण को देखा और मतदान कार्य में लगे कर्मियों को प्रोत्साहित किया।

### टीम ने 10 लाख किए जप्त

*पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक कमला जोशी तथा एसडीओपी भैसदेही भूपेन्द्र सिह मौर्य, एसडीएम भैसदेही अनीता पटेल, तहसीलदार के निर्देशन एवं थाना प्रभारी भैसदेही अंजना धुर्वे के नेतृत्व मे थाना भैंसदेही क्षेत्रान्तर्गत अन्तर्गत अन्तर्राजीय चेकिंग पाइंट कुकरू बैरियर पर शनिवार को एसएसटी टीम एवं अन्तर्राज्यीय चेकिंग नाको पर लगे पुलिस बल द्वारा महाराष्ट्र की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल को रोक कर चेकिंग की। चैकिंग के दौरान अमर पिता शंकर गाठे उम्र 38 साल निवासी ग्राम काठकुंभ महाराष्ट्र के पास से नगदी कुल 10 लाख रूपए मिले, जिसके संबंध मे कोई वैध दस्तावेज नहीं पाये जाने से विधिवत जप्त किया गया। जो अग्रिम कार्यवाही आयकर विभाग द्वारा की जावेगी। प्रकरण की उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी भैंसदेही अंजना धुर्वे, एसएसटी प्रभारी शिवपाल परते कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, आकाश, रमेश, जिया किरार, अंकिता शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

### देखने को मिल रही है कई तरह की अव्यवस्थाएं, नागरिक हो होते फिर रहे हैं परेशान

# नगर परिषद शाहपुर की अव्यवस्थाओं से हो रहे नागरिक परेशान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

शाहपुर नगर परिषद की सफाई व्यवस्था और अन्य वयवस्थाओ से परेशान हो रहे हैं आम नागरिक। वार्ड नंबर 5, वार्ड नंबर 12 ,वार्ड नंबर 14 के नागरिकों के द्वारा बताया गया की साफ सफाई बिल्कुल भी वार्ड में नहीं हो रही है ।कचरा गाड़ी भी एक दिन के अंदर से आती है ।और कचरा गाड़ी की जगह पर पर ट्रैक्टर के द्वारा कचरा एकत्रित किया जाता है ।और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भी जो मच्छरदानी वितरित की गई है। वह किसी वार्ड में वितरित की गई है। किसी वार्ड में वितरण नहीं की गई है। और मच्छरों का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है ।नालियों की सफाई न होने से मच्छर बहुत ज्यादा परेशान कर रहे हैं। और जिससे लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं ।गर्मी के मौसम में लोग शाम के समय बाहर घूमते हैं परंतु मच्छरों की अधिकता के कारण घर से बाहर निकलना भी मुश्किल होता है ।वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे की वार्ड वासी श्रीमती रानी धोते ,वार्ड नंबर 14 के वसंत गुप्ता एवं वार्ड नंबर 5 के राजू गुप्ता के द्वारा बताया गया कि वह शाहपुर नगर परिषद की साफ सफाई व्यवस्था से बहुत अधिक परेशान है ।और वह चाहते हैं। कि नगर परिषद शाहपुर नगर की साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान दें। कचरा बॉक्स लगाए नालियों की सफाई हो एवं उसमें दवाई का छिड़काव किया जाए और नालियों की सफाई होने के बाद जो कचरा निकल जाता है उसे तुरंत इकट्ठा करके फेंका जाए। क्योंकि वही कचरा वापस नाली में चला जाता है। साफ सफाई का कोई मतलब नहीं निकलता है ।इसलिए आम नागरिक चाहते हैं, कि नगर की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो। आम नागरिक स्वास्थ्य जीवन यापन कर सके। नगर परिषद के से परेशान नगर वासी और वार्ड पार्षद ने बताया, कि कि उनके द्वारा कई बार नगर परिषद अधिकारी शाहपुर और नगर परिषद के अध्यक्ष से नई कचरा पेटियों की व्यवस्था करने की बात लिखित विधि से की गई है। परंतु उसके बाद भी नगर परिषद के द्वारा ना तो नई कचरा पेटी कहीं लगाई गई है और जिन कचरा पेटियों को लगाया गया। उनकी हालत भी बहुत खराब है ।आज बस स्टैंड शाहपुर के पास भी कोई कचरा पेटी नगर परिषद के द्वारा नहीं लगाई गई। लोगों को कचरा ऐसे ही दुकान के बाहर लगाना पड़ रहा है। कई कटरा पेटी एक्सीडेंट में उखड़ गई तो दोबारा उसे जगह पर कचरा पेटी नहीं लगाई गई। और पतोआपूरा के खेड़ापति में मंदिर के पास तो सफाई और कचरा पेटी और उसके सामने लोगों ने कचरा पेटी में कचरा तो डाला।वो भी बाहर कचरा डाला। और उसमें आज आग भी लगा दी। उसके बाद भी नगर परिषद कुंभकरण की नींद सोया हुआ है।

### जीआरपी, एसएसटी दल और आरपीएफ ने की कार्रवाई

# करीब एक लाख 80 हजार रुपए का अवैध गांजा सहित दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से ट्रेनों व स्टेशनों पर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को जीआरपी ने दो आरोपियों के पास से करीब 12 किलो गांजा जप्त कर गिरफ्तार किया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये जीआरपी मादक पदार्थों के परिवहन को रोकने की कार्यवाही कर रही है। शुक्रवार की शाम को मुखबिर की सूचना पर टीआई रामस्नेह चौहान ने टीम के साथ प्लेटफार्म नंबर 6-7 के आउटर पर पिट्ठू बैग के साथ दो युवकों को पकड़ा। जीआरपी, एसएसटी दल एवं आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों के बैग की तलाशी पुलिस ने ली तो उसमें अवैध गांजा पाया गया।

एसएसटी दल एवं जीआरपी पुलिस ने आरोपियों को गांजे के साथ थाने ले आई। आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम यश पिता स्व. कल्लू परमार, 23 वर्ष इंग्लिशपुरा बस स्टैंड के पीछे सिंधी कालोनी थाना कोतवाली, सीहोर एवं अभिषेक पिता संतोष अहिरवार 23 वर्ष, निवासी सुरेश नगर, अरोरा पेट्रोल पंप के पास थाना कोतवाली सीहोर का बताया। आरोपी के पास से जीआरपी ने 12 किलो गांजा जब्त किया है जिसकी कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये है। जीआरपी ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका एसआई आरएस बकोरिया, एएसआई जगन्नाथ धुर्वे, एएसआई दिनेश चंद्र, आरक्षक शीतल ठाकुर, आरपीएफ एसआई राजवीर सिंह, एएसआई बीएस मार्को, आरक्षक निर्मल पटेल, जीआरपी प्रधान आरक्षक तेजराम गुर्जर, आरक्षक विष्णु मूर्ति शुक्ला, दीपक सेन की रही।

## शराब के नशे में बच्चे को लेकर घूम रहे युवक को जीआरपी के हवाले किया



इटारसी। रेलवे स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय में संदिग्ध हालत में एक ढाई वर्ष के बच्चे को लेकर एक युवक शराब के नशे में बैठा था। इस युवक को देख मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक भावना राय एवं टिकट क्लर्क मीनू शर्मा को शंका हुई। दोनों ने युवक को अपने कार्यालय में बैठा लिया। युवक से जब बच्चे के संबंध में बात की तो उसने स्वयं का बच्चा होना बताया और नर्मदापुरम का निवासी बताया। बुकिंग अधिकारी और कर्मचारी ने युवक से उनके परिजनों का नंबर लेकर बात की तो उन्होंने बताया कि यह युवक पंकज दुबे है और इसका यह ढाई वर्ष का बच्चा है। यह घर में बिना बताये बच्चे को लेकर भाग आया। आप उसे वहीं रोककर रखो हम बच्चे को लेने आ रहे हैं। बुकिंग अधिकारी किसी भी बात से संतुष्ट नहीं हुये और जीआरपी थाने को इस बात की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी ने युवक और बच्चे को अपने साथ थाना ले गई। जीआरपी ने बच्चे के परिजन से बात कर उन्हें थाने बुलाया और पूरी जानकारी लेने के बाद बच्चे के पिता को बच्चे को नहीं सौंपते हुई परिजनों के सौंपा। बच्चे के चचेरे बड़े भाई अंबर दुबे और अजय दुबे को बच्चे को सौंपा। चचेरे भाइयों ने बच्चा मिलने के बाद मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक भावना राय एवं बुकिंग क्लर्क मीनू शर्मा को धन्यवाद किया है।

# लापरवाही: नागरिकों को नहीं मिल पा रहा अमृत जल योजना का पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचने की जो योजना शासन नियम अनुसार छः माह में पूर्ण होना था वह योजना को विगत दो वर्षों से अधिक समय हो जाने के बाद भी आज तक पूरी नहीं होने से ग्रामीण जन इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए परेशान हैं वहीं राह चलने वाले राहगीर एवं स्कूल कोचिंग जाने वाले छात्र- छात्राओं के साथ कोई बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है।शासन के नियम अनुसार ठेकेदार को इस योजना को मात्र छः माह में पूर्ण कर प्रत्येक घरों तक जल पंहुचाने के एग्रीमेंट को आज दो वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए तरस रहे हैं। ठेकेदार अपनी मनमर्जी से नगर की मुख्य पक्की सड़कों की जहां-तहां से खुदाई के साथ बीच सड़क पर खोदे जा रहे गड्ढे जो किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं ठेकेदार द्वारा बीच सड़क पर ठेकेदार द्वारा



ठेकेदार द्वारा खोदे जा रहे बड़े-बड़े गड्ढे दो-चार दिन खुदे पड़े रहते हैं जिसमें गिरकर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं और तो ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए लोक निर्माण विभाग एवं मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन की सड़के भी बगैर अनुमति के खोद कर पाइपलाइन बिछाई है एवं खुद ही सड़के आवा गमन में वाहन चालकों के लिए खासी परेशानी का सबब बनी हुई है जिन्हें सेमरी हरचंद से पथरई सड़क पर आसानी से देखा जा सकता है। सड़क पर खुदे ही पड़े गड्ढे एवं दो वर्षों से अभी तक पूर्ण नहीं की गई इस योजना के बारे में जब संबंधित कंपनी के सुपरवाइजर एवं विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना है की योजना तो छः माह में पूर्ण होना थी ठेकेदार के कारण लेट हो रही है जिसकी पेनल्टी ठेकेदार को भरना पड़ेगी अभी जो गड्ढे हैं उन्हें तत्काल बंद करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित करेंगे। छः माह में पूर्ण होने वाली नल जल योजना दो वर्ष से भी अधिक समय मैं भी पूर्ण नहीं होने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी उक्त ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर ठेका निरस्त क्यों नहीं कर रहे हैं यह एक यक्ष प्रश्न तो है ही परंतु वर्तमान में जहां-तहां बीच सड़क पर खुदे ही पड़े गड्ढे किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं वहीं ग्रामीण जन विगत दो वर्षों से अमृत जल पीने को आतुर हैं।

### इनका कहना है

योजना को छ: माह में पूर्ण होना ठेकेदार द्वारा लेट की गई है जिसकी शासन के नियमानुसार पेनल्टी ठेकेदार को भरना पड़ेगी।

**दर्शन धुर्वे,** प्रभारी एसडीओ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सोहागपुर

## तौल-कांटे की पूजा के साथ शुरू हुई गेहूं खरीदी



पिपरिया। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। घोषणा पत्र के अनुसार किसने की फसल का उचित मूल पर खरीदी नहीं की जा रही है। लेकिन वर्तमान समय की स्थिति को देखते हुए रामपुर ग्राम पंचायत कृषक को सेवा सहकारी समिति रामपुर के परिसर में नवनियुक्त प्रबंधक गरिमा बिलासपुरिया एवं प्रशासक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक कमलेश पटेल पर्यवेक्षक सलीम मिर्जा एवं भंडारी कर्मचारियों की उपस्थिति में आदित्य पलिया के द्वारा तोल कांटे का पूजन किया गया। लगभग 200 क्विंटल के आसपास खरीदी की जा चुकी है तथा वर्तमान में अभी इतना ही खरीदी शेष है जो अनाज खुले में पड़ा है।

# विश्व स्थापना दिवस पर जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर के एकमात्र शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में युवा रेड क्रॉस समिति के द्वारा विश्व स्थापना दिवस के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम करने का आयोजन किया गया।

जिसमें आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को यह दिन मनाया जाता है इसे दिवस के रूप में मनाया जाने का उद्देश्य सभी के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा इस वर्ष की 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है इस दिवस पर सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना या उद्देश्य है इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसकी थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार रखा गया है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर आरके वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य पर ध्यान जो लोग नहीं देते हैं और काफी परेशान होते हैं इसलिए स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि भागदौड़ की व्यस्त माहौल में लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे रहे हैं इस कारण बीमारियां बढ़ रही है।

# स्वीप गतिविधि के तहत बताया मतदान का महत्व




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

परियोजना सिवनी मालवा सेक्टर सतवासा में शनिवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर की स्वीप गतिविधि के अंतर्गत वीएचएसएनडी के दिन मतदान के महत्व पर चर्चा की गई। जिसमें हितग्राहियों को बताया गया कि लोकतंत्र के पर्व पर सभी को अपने मत अधिकार का उपयोग करना आवश्यक है ग्राम सोनखेड़ी में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मतदाता सखी, शौर्य दल के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , सहायिका और एएनएम सिस्टर, आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी उपस्थित थे उक्त कार्यक्रम मैं उपस्थित सभी हितग्राहियों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया एवं सभी को अनिवार्य रूप से लोकसभा निर्वाचन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया मतदान के महत्व पर रंगोली सजाई गई। शपथ दिलाई गई एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी हितग्राहियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

# आबकारी टीम ने की अवैध कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आबकारी उडऩदस्ता टीम ने इटारसी शहर में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही कर 50 लीटर कच्ची हाथभट्टी शराब एवं 850 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया है। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत कार्यवाही कर 2 प्रकरण कायम किये। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 95000 रुपए बतायी गयी है। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी उडऩदस्ता टीम इटारसी ने कार्यवाही की है। कार्यवाही में 50 लीटर देशी कच्ची हाथ भट्टी मदिरा 850 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34.1 (क) के तहत 02 प्रकरण कायम किया गये। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 95000 रुपए बतायी गयी है। आबकारी टीम में उपनिरीक्षक केके पड़रिया, नीलेश पवार, आबकारी आरक्षक मदन रघुवंशी, धर्मेंद्र बारंगे, राजेश गौर एवं दुर्गेश पठारिया शामिल रहे।

# नियमों की अनदेखी पर वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बाजार क्षेत्र में बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने शनिवार को पुलिस के ट्रैफिक अमले ने चालानी कार्रवाई करके 11 लोगों से पांच हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। पुलिस की यह कार्रवाई व्यवस्था बनाने तक जारी रहेगी। गौरतलब है कि बाजार क्षेत्र में वाहन चालक बेतरतीब पार्किंग करके लगातार व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। पुलिस का अमला हाईवे और अन्य मार्गों पर चालानी कार्रवाई और वाहनों की जांच में लगा रहता है, जिससे बाजार आने वाले वाहन चालक कहीं भी वाहन खड़ा करके घंटों लापता रहते हैं, जिससे अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ट्रैफिक अमले ने बाजार क्षेत्र में भी अब ट्रैफिक सुधार की कार्रवाई प्रारंभ की है। एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान एवं टीआई गौरव बुंदेला के निर्देश पर यातायात पुलिस प्रभारी सुनील घावरी ने अपनी टीम के साथ बाजार क्षेत्र की सड़कों पर बेतरतीव ढंग से खड़े चार पहिया वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की। पुलिस ने बीती रात 11 वाहन चालकों के खिलाफ बाजार क्षेत्र में चालानी कार्यवाही कर 11 वाहन चालकों से जुर्माने के रूप में 5 हजार रुपये वसूल किये हैं।

## रोड व नाली निर्माण नहीं होने पर सचिव और सरपंच को नोटिस जारी

**माखन नगर।** जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश अग्रवाल ने ग्राम पंचायत मोहगांव बागरा के सचिव एवं तत्कालीन सरपंच को 2 लाख 85000 की राशि आहरण करने के बाद रोड नाली निर्माण नहीं कराए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रवाल ने बताया ग्राम पंचायत मोहगांव में मातापुरा मोहल्ला में 15 वित्त आयोग की राशि 2 लाख 85000 से सीसी रोड एवं नाली निर्माण होना था। तत्कालीन सरपंच लक्ष्मी वर्मा सचिव गोपाल मेहरा ने राशि निकाली लेकिन स्थल पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। तत्कालीन सरपंच एवं सचिव को नोटिस जारी किया गया है 8 अप्रैल को उपस्थित होकर वस्तुस्थिति से लिखित में अवगत कराने नोटिस जारी किया है। सरपंच सचिव द्वारा बगैर कार्य कराए जो राशि निकाली गई है। वह गबन की श्रेणी में आती है उपस्थित होकर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर अन्यथा की स्थिति पर यह मानते हुए ऐसी स्थिति में सचिव के निलंबन सहित अमानत में खयानत मानते हुए पुलिस प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। इसके लिए आप स्वयं जवाबदार होंगे।

## ग्राम समोन में निकाली जागरूकता रैली



**माखन नगर।** शनिवार को ग्राम समोन में स्वीप समिति द्वारा ग्राम के मुख्य मार्गो से मतदान जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए प्रेरित किया। विभिन्न नारो के साथ रैली में ग्राम सचिव संतोष साहू,जीआरएस सुनील यादव बीएलओ समदर्शी सोनी, बीएलओ प्रेम यादव, शिक्षक परिवार सुमनलता टोप्पो, राधा गोस्वामी ,सीमा कुरहकर, शशि अहिरवार,आशा अहिरवार, शिल्पा राजपूत, शांता शर्मा सुनील यादव, अनीता यादव, मामा सुनील यादव सहित शासकीय कर्मचारी साथी ने रैली में शामिल होकर ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## वाटर बेल लगाकर विद्यालय द्वारा बच्चों को पानी पीने के लिए किया प्रेरित



**सिवनी मालवा।** गर्मी के मौसम में जब अप्रैल माह में तापमान में वृद्धि दिन -प्रतिदिन तेजी से होती है। ऐसी स्थिति में शरीर में 'पानी की कमी' (डीहाइड्रेशन) और लू की समस्या बड़ों से लेकर बच्चों तक को होती है। इसी समस्या से बचने के लिए शहर के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान नर्मदा वैली एकेडमी द्वारा एक अनूठी पहल की गई। विद्यालय द्वारा स्कूल समय में बच्चों को अधिक से अधिक पानी पीने के लिए तीन वॉटर बेल लगाई गई । वाटर बेल बजने पर सभी बच्चों को पानी आवश्यक रूप से पीने के लिए निर्देश दिए गए। इस कार्य में विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भी अपना पूर्ण सहयोग किया, ताकि बच्चे डी हाइड्रेशन और लू की समस्या का शिकार ना हो सके।

### साहू समाज ने लिया मृत्यु भोज एवं श्राद्ध प्रथा को बंद करने का संकल्प

# चलित झांकियों और मां कर्मा के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में मां कर्मा माई जयंती पर्व पर शुक्रवार को साहू समाज सोहागपुर ने सामाजिक आयोजन किए। वहीं शुक्रवार शाम आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सामाजिक नागरिक उपस्थित थे। सोहागपुर साहू समाज व साहू महिला मंडल से प्राप्त जानकारी अनुसार मां कर्मा जयंती आयोजन की शुरुआत शुक्रवार सुबह नौ बजे वाहन रैली से की गई। जिसमें सामाजिक युवाओं ने शहर का भ्रमणकर क्षेत्रवासियों को मां कर्मा जयंती पर्व की शुभकामनाएं दी। साहू समाज महिला मंडल ने रंगोली, मेहंदी, थाली सजाओ आदि प्रतियोगिताओं के साथ मां कर्मा का पूजन किया। आयोजन में सम्मिलित हुए साहू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी गुप्ता मुंबई तथा राष्ट्रीय महामंत्री रामललित गुप्ता गुजरात का सोहागपुर नगर साहू समाज ने अभिनंदन किया।




## साहू समाज में मृत्युभोज एवं श्राद्ध प्रथा बंद

नगर में आयोजित कर्मा जयंती के कार्यक्रम में समाज के अवसर अध्यक्ष सुनील साहू उर्फ भूरा भैया एवं युवा अध्यक्ष शुभम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि साहू समाज द्वारा निर्णय लिया गया है कि समाज में मृत्यु भोज एवं श्रद्ध प्रथा बंद कर दी गई है। यह दोनों ही कार्यक्रम समाज में सीमित रूप में आयोजित होंगे जिनमें घर परिवार के लोग ही सम्मिलित होंगे समाज का कोई भी सदस्य मृत्यु भोज एवं श्रद्धा के कार्यक्रम में शामिल नहीं होगा। यदि किसी परिवार में किसी सदस्य का देहांत होता है तो 13वीं के दिन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा जिसमें समाज के सभी नागरिक उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे इसके अलावा मृत्यु भोज एवं श्रद्धा के कार्यक्रम में समाज का कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं होगा।

## नगर के मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा

शुक्रवार शाम मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मां कर्मा की प्रतिमा एवं झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में समाज के सैकड़ों महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा काली मंदिर से शुरू होकर पुराने अस्पताल रोड से बिहारी चौक, कमानिया गेट रोड, मुख्य बाजार क्षेत्र होते हुए स्टेट हाईवे पहुंची। यहां से शोभायात्रा गंतव्य स्थल की ओर रवाना हुई। विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का अभिनंदन किया। शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण एवं देवी राधा के स्वरूपों ने भजनों पर नृत्य प्रस्तुतियों से आयोजन का आकर्षण बढ़ाया। यात्रा का जगह-जगह नगर वासियों ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया। जैसे ही शोभा यात्रा आयोजन स्थल पहुंची तो उसके पश्चात सभी सामाजिक लोगो एवं अतिथियों के द्वारा मां कर्मा माई की आरती की गई।आरती के पश्चात साहू समाज के 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ सदस्यों एवं कक्षा 1 से 12वीं तक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को मंच से सम्मानित किया गया। इसके अलावा महिला मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रवासियों, नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने साहू समाज को मां कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी हैं।

## मां कर्मा जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में खिचड़ी एवं शरबत का वितरण




इटारसी। सकल तैलिक समाज आज 7 अप्रैल रविवार को मां कर्मा जयंती मनायेगा। इसी उपलक्ष्य में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रंखला में नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र स्थित तुलसी चौक पर खिचड़ी एवं शरबत का वितरण किया गया। साहू युवा संगठन द्वारा कर्मा चौराहे पर माँ कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाया। इससे पूर्व मां कर्मा की विशेष पूजा अर्चना तैलिक समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में की गई। इस अवसर पर तैलिक समाज के प्रांतीय पदाधिकारी रमेश के साहू, महेश साहू, अजय साहू, साहू समाज के नगर अध्यक्ष रमेश साहू, प्रज्ञान साहू, गौरव साहू, लखन लाल साहू, प्रदीप साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक सम्पन्न हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

रामनवमी को लेकर नगर के प्रबुद्ध जनों द्वारा एक बैठक बावड़ी मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में सोहागपुर नगर में राम नवमी पर्व मनाने को लेकर तमाम विषयों पर मंथन हुआ।

मंथन और विचार विमर्श के बाद उपस्थित लोगो द्वारा निम्न विंदु व सुझाव आए। जिसमें राम जी लला की मूर्ति बनवाकर शोभायात्रा में सम्मलित की जाए। सम्पूर्ण हाइवे को व मुख्य मार्ग की साज सज्जा हो। गणेश मंदिर बैंक चौराहे पर यात्रा का समापन। प्रभात फेरी निकाली जाए, शाम 5 बजे से बाजार बंद कर शोभायात्रा में सभी व्यापारी सम्मलित हो ऐसा भी सुझाव आया। हर घर दीपक ओर सीरीज लगाई जाए। बड़ी संख्या में सम्मलित होने की अपील की गई। हर वार्ड से 10 लोग का संग्रह नगर के लिए किया जाए शेष परिवारों से वार्ड समिति संग्रह करेगी।

कल शाम 5 बजे से रोज धन संग्रह की टीम धन संग्रह हेतु निकलेगी। चंदा अधिक होने पर नागपुर से ढोल बुलवाए जाएं।

### कार्यकर्ताओं की बदौलत ही पार्टी आज इस मुकाम पर खड़ी है: पाटिल

# भाजपा का ध्वज फहराकर उत्साह के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में स्थापना दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में जिले के सभी बुथो एवं पार्टी कार्यालय पर भाजपा का ध्वज फहराकर कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्साह के साथ मनाया गया स्थापना दिवस।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सांसद और लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी के साथ अंबेडकर वार्ड बूथ क्रमांक 137 पर पहुंचकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल के साथ ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव सहित पार्टी के पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाए कार्यकर्ताओं को दी और कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की बदौलत पार्टी आज इस मुकाम पर खड़ी है, लोकसभा चुनाव में इस बार फिर मोदी सरकार के साथ देश की जनता की आवाज 400 पार के संकल्प को हमें पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ पूर्ण करना है। इंदिरा चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर पर भी स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामप्रसाद मुखर्जी के फोटो पर माल्यार्पण किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद एवं लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जो बीज बोया था वह आज पूरे देश में वटवृक्ष बनकर हमारे सामने हैं। आज के दिन 1980 में अपातकाल के पश्चात भाजपा की स्थापना मुंबई में हुई थी। हर्ष का विषय है कि आज पार्टी के जांबाज कार्यकर्ताओं की बदौलत कई प्रदेशों के साथ ही केंद्र में भी भाजपा की विकास करने वाली सरकार मौजूद है, देश ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है। कांग्रेस द्वारा थोपे गए आपातकाल में पार्टी के कार्यकर्ताओं को 18 माह जेल में रहना पड़ा और जेल से बाहर आने पर देश की जनता ने कांग्रेस को नकार कर भारतीय जनता पार्टी को सहयोग दिया। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रवाद के ध्येय को लेकर हुई। हमने कभी भी महज सत्ता पाने के लिए कार्य नहीं किया। हमने सत्ता को सेवा का साध्य माना है, पाटिल ने कहा कि लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं चुनाव को हमें चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतरना है। उन्होंने कहा कि सरकार पार्टी के साथ और पार्टी सरकार के साथ काम करती है तो समाज में कैसे बदलाव आता है, यह हम रोज घटित होते हुए देखते है।



'देश ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है भाजपा'

### ये रहे मौजूद

स्थापना दिवस के इस अवसर पर कार्यालय में मिठाई बांट कर एक दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामना दी गई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, लोकसभा पार्टी प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल लोकसभा जिला संयोजक हरीश कोटवाले, लोकसभा विस्तारक उज्जवल जोशी ,महापौर अमृता अमर यादव, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा, महामंत्री राजेश तिवारी, अरुण सिंह मुन्ना, सूरजपाल सिंह दिनेश पालीवाल, नंदन करोड़ी, अमर यादव ,मुकेश तनवे, प्रवक्ता सुनिल जैन, सुधांशु जैन, आशीष राजपूत, धर्मेन्द्र बजाज, मंगलेश तोमर, ऋरंगी उपाध्याय, भरत पटेल, देवेंद्र सिंह यादव अनूप पटेल, मोहन गंगराड़े, राजेश यादव, गणेश गुरबानी सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन संचालन महामंत्री राजेश तिवारी द्वारा किया गया एवं आभार अरुण सिंह व सूरजपाल सिंह ने माना।

### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

## खाना बनाने की बात पर गुस्साए दो बेटों ने पिता की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर कसरावद तहसील के बालसमुद के नयानगर में शुक्रवार रात खाना बनाने की बात पर पिता से विवाद में दो कलयुगी बेटों ने ईट व पत्थर से हमलाकर पिता को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद दोनो फरार हो गए। घर में तीनों बाप बेटे ही रहते थे। मृतक के परिजन सरपंच प्रतिनिधि अशोक मेड़ा ने बताया कि उनके घर के पास काकाजी के लड़का राजू पिता रामसिंग का मकान है। रात करीब 10:30 बजे खाना बनाने की बात को लेकर राजू व उसके दोनों पुत्र लखन व किशन में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने गुस्से में ईंट पत्थर से राजू पिता रामसिंग मेड़ा (43) पर हमला कर दिया। सिर में चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी मनोहरसिंह गवली व कसरावद टीआई एमआर रोमडे मौके पर पहुंचे। शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। दोपहर में अंतिम संस्कार हुआ।

### इनका कहना है

दोनों पर हत्या का केस दर्ज घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचकर शव को अस्पताल भेजा। खाना बनाने की बात पर पिता व दो पुत्रों में विवाद हुआ था। दोनों पुत्रों ने ईट व पत्थर से हमला कर पिता की हत्या की है। 302 में केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी फरार है। उनकी तलाश की जा रही है।

**मंशाराम रोमड़े** टीआई कसरावद.

## आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने थाना सिविल लाईन के अपराध क्र. 99/24 धारा 363 भादवि में नाबालिग बालिका की दस्तयाबी व अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु 3 हजार रूपये के इनाम की घोषणा है। जो कोई व्यक्ति उक्त आरोपी को गिरफ्तार करेगा अथवा करवाएगा या ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सकें तो ऐसे सूचनाकर्ता को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 3 हजार रूपये ईनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। यदि सूचनाकर्ता चाहेगा तो उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक हरदा का मान्य होगा।

### कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक से ली जानकारी

## हरदा पहुंचे सामान्य प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रदीप कुमार ठाकुर और व्यय प्रेक्षक पी. राजन शनिवार को हरदा पहुंचे।

हरदा सर्किट हाउस में पहुंचने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने उनसे भेंटकर हरदा लोकसभा निर्वाचन के लिए अब तक की गई तैयारी के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने प्रेक्षक श्री ठाकुर और व्यय प्रेक्षक श्री पी. राजन को हरदा जिले की मतदाता जागरूकता गतिविधियां पर केंद्रित स्वीप कैलेंडर भेंट किया। इस अवसर पर हरदा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुमार सानू देवड़िया, और टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी महेश बडोले भी मौजूद थे।

## प्रदेश के भ्रमण पर निकले राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज हरदा पहुंचे



**हरदा।** राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज मध्यप्रदेश में सभी जिलों का भ्रमण कर रहे हैं। साथ पूरे देश में ऋषि वाल्मीकि के मार्गदर्शन पर अलख जगाने का कार्य कर रहे हैं। इसके तहत हरदा में उनके द्वारा बताया गया कि ऋषि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया गया। साथ ही राम मंदिर में प्रवेश करते सबसे पहले ऋषि वाल्मीकि की बड़ी प्रतिमा बनाई गई और उनका मंदिर बनाया गया। उनका कहना है कि पूर्व में कई सरकार है आई और गई मगर वर्तमान में जो सरकार है। उसके द्वारा भगवान राम मंदिर की स्थापना की गई और भगवान राम को विराजमान किया गया। हिंदू धर्म के प्रति अलग जगाने के लिए वह मध्यप्रदेश के सभी जिलों में ऋषि मुनि एवं हिंदू धर्म के लोगों को एकत्रित संकल्प दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि सभी राष्ट्रीय धर्म के साथ ऋषि मुनि परंपरा को बरकरार रखते हुए आगे बढ़े।

## बुरहानपुर जिले में पिछले साल की तुलना में इस साल कम हुई सड़क दुर्घटनाएं

### यातायात नियमों का किया गया प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिले में पिछले साल की तुलना में इस साल हादसों में कमी आई है। एसपी देवेन्द्र पाटीदार के निर्देशन में यातायात सुधार को लेकर कई नवाचार किए जा रहे हैं। यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते जिलें में सड़क दुर्घटनाओं, उनमें होने वाली मौतों में पिछले साल की अपेक्षा कमी हुई है। जिले में वर्ष 2023 में 01 जनवरी से 31 मार्च तक कुल 109 सडक दुर्घटनाए हुई थी जिसमें 32 लोगों की मृत्यु हुई थी। 132 लोग घायल हुए थे। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में 01 जनवरी से 31 मार्च तक कुल 97 सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिनमें मृतकों की संख्या 21 व घायलों की संख्या 103 है। आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने, सुगम यातायात व्यवस्था बनाने, आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी का भाव जागृत करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न स्थानों पर लगातार यातायात नियमों का प्रचार प्रसार किया गया।

### इन थानों में आई दुर्घटनाओं में कमी

-जिले के 08 थानों में से 05 थाने कोतवाली, लालबाग, गणपति नाका, शाहपुर और खकनार में दुर्घटना में कमी हुई है।

### यह किए गए प्रयास-

यातायात और नगर निगम की सहायता से सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण हटाकर सड़कों का चौडीकरण किया जा रहा है।

- शहर के प्रमुख शनवारा चौराहे पर जगरूकता के उद्धेश्य से यातायात जागरूकता गान चलाया जा रहा है। स्कूलों में यातायात संबंधी शॉर्ट फिल्म दिखाई गई थी। जिले के ब्लैक स्पॉट की जानकारी दी गई।
- शैक्षणिक संस्थाओं में यातायात निमयों की शिक्षा दी गई है। शहर के महत्वपूर्ण चौराहों पर पीए सिस्टम के माध्यम से यातायात जागरूकता संबंधी गान चलाया जाता है।
- शहर के प्रमुख शनवारा चौराहा पर एलईडी इन्डिकेटर के माध्यम से यातायात नियमों का प्रचार प्रसार किया गया।
- रॉन्ग साइड से आ रहे वाहनो को रोककर चालकों से 100 बार रॉन्ग साईड वाहन न चलाने के लिए कागज पर लेख लिखवाया जाकर साझाईश देकर छोड़ दिया जाता है।

## जागरूक हो हर मतदाता लोकतंत्र का भाग्य विधाता



**खण्डवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जन शिक्षा केंद्र पटाजन में अधिकारी कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा पंधाना ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों को जिला चिकित्सालय में निर्वाचन के दौरान स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। इसी तरह ग्राम रोशनी में ग्रामीणजनों को तथा अन्य ग्राम में मनरेगा में मजदूरी करने वाले मजदूरों को भी मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही दीवार लेखन के माध्यम से भी ग्रामीणजनों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण निर्वाचन ट्रेनिंग का लिया जायजा

**हरदा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बैतूल संसदीय क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में प्रदीप कुमार ठाकुर को सामान्य प्रेक्षक एवं पी. राजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री राजन एवं प्रेक्षक श्री ठाकुर ने शनिवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर लोकसभा निर्वाचन के लिए वहां बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वहां मतदान सामग्री वितरण स्थल देखा, और मतदान दलों को ले जाने के लिए वाहन व्यवस्था व वाहन पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली । इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के साथ-साथ हरदा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुमार सानू देवरिया तथा टिमरनी के सहायक रिटर्निंग अधिकारी महेश बडोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। प्रेक्षकद्वय ने इस दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी जायजा लिया। प्रेक्षक श्री ठाकुर ने इस दौरान निर्देश दिए कि सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन संचालन तथा वीवीपेट मशीन संचालन का हैंड्सऑन प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि मतदान के दौरान मतदान कर्मियों को कोई परेशानी ना आए।



### एसीप ने की घोषणा

## 4 फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम की घोषणा

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने थाना रहटगांव के आपराधिक प्रकरणों में फरार 4 वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु 2-2 हजार रूपये के ईनाम की उद्घोषणा की है। उन्होने बताया कि इन फरार वारंटियों में जमील खां पिता निजाम खां उम्र 40 साल निवासी रहटी जिला सिहोर, किशोर कोरकू पिता सुखराम उर्फ केडे कोरकू उम्र 47 साल निवासी ग्राम दूधकच्छ थाना रहटगांव तथा नरेन्द्र कुमार पिता नरसिंह दास बैरागी निवासी म.नं. 20 महाराजपुरा थाना आधारताल जिला जबलपुर शामिल है। पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने बताया कि जो कोई व्यक्ति फरार वारंटियों को गिरफ्तार करेगा/करवाएगा या ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर वारंटियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचनाकर्ता को प्रत्येक वारंटी के लिये 2 हजार रुपए ईनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। यदि सूचनाकर्ता चाहेगा तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक, जिला हरदा का मान्य होगा।

### मदिरा के अवैध विक्रय निर्माण व परिवहन पर कार्रवाई

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन की रोकथाम के लिए कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के खेड़ीपुरा व छोटी हरदा, वृत खिरकिया के ग्राम बेडियाखुर्द, पिपल्या, रेहटाकलां एवं वृत टिमरनी के ग्राम बेड़ी, दोगलीघाट, हंडिया, अजनास व रेलवा में दबिश देकर कुल 54 पाव देशी शराब, 11 केन बीयर, 16 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं 440 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। मुद्देमाल जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किए गए।

### मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

# मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप कैलेंडर किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदाताओं को जागरूक करने के लिये स्वीप केलेण्डर जारी किया गया है।

जारी केलेण्डर अनुसार 8 अप्रैल को कुकिंग प्रतियोगिता, 9 अप्रैल को सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो की थीम पर प्रवासी एवं श्रमिक मतदाताओं के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही 9 अप्रैल को ही वाणिज्यिक संगठनों एवं रेल्वे, डाक व सेवा संगठनों आदि का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 10 अप्रैल को मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रवासी और श्रमिक मतदाताओं की पहचान, सूची बनाना और घर-घर संपर्क करने संबंधी कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार 11 अप्रैल को शेडो, वन अथवा आदिवासी क्षेत्र में प्रवासी एवं श्रमिक मतदाताओं की पहचान, सूचीकरण एवं मतदान हेतु घर-घर संपर्क किया जाएगा। जारी केलेण्डर अनुसार 12 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र स्तर पर ह्यह्यमहिला मतदाता दौड़ह्ल तथा 13 अप्रैल को आदिवासी लोक नृत्य व सांस्कृतिक स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, 14 अप्रैल को प्रत्येक मतदान केंद्र पर सोशल मीडिया जागरूकता कार्यक्रम और ट्विटर व फेसबुक पर स्वीप पोस्ट की मुख्य बातें अपलोड करने संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, 15 से 21 अप्रैल तक हरदा, टिमरनी और खिरकिया ब्लॉक में स्वीप आधारित मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। जबकि 16 अप्रैल को मतदाता सहायता केन्द्र की स्थापना एवं सी-विजिल एप का व्यापक प्रचार- प्रसार करने संबंधी कार्यवाही की जाएगी, 17 अप्रैल को शुभंकर और जिला प्रतीक चिन्हों के साथ सेल्फी संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

जारी केलेण्डर अनुसार 18 अप्रैल को ह्यह्यआओ अपने बूथ को जाने थीम पर नागरिकों व महिलाओं आदि के लिए मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सुविधा के बारे में जागरूकता संबंधी गतिविधियां तथा 19 अप्रैल को ह्यह्यचुनाव का पर्व देश का गर्वह्लह्ल थीम पर ट्रेक्टर रैली आयोजित की जाएगी। आगामी 20 व 21 अप्रैल को प्रत्येक मतदान केंद्र पर सोशल मीडिया जागरूकता कार्यक्रम और ट्विटर व फेसबुक पर स्वीप पोस्ट की मुख्य बातें अपलोड करने संबंधी गतिविधयां आयोजित की जाएगी। इसके अलावा विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्रीन पोलिंग बूथ स्थापना अभ्यास 22 अप्रैल को किया जाएगा। ह्यह्यलोकतंत्र का पर्व मनायें, मतदाता में अलख जगायें की थीम पर मतदाता पर्ची का वितरण तथा मतदान के लिये विशेष निमंत्रण तथा ह्यह्यआओ अपना बूथ सजायें, लोकतंत्र का उजियारा फैलायेंह्लह्ल थीम पर प्रकाश कार्यक्रम के साथ मतदान केंद्र की सजावट 23 अप्रैल को की जाएगी। इसके अलावा 24 अप्रैल को प्रभात फेरी व घर-घर जाकर संपर्क कर वोट देने की अपील की जाएगी।

## शपथ दिलाकर किया मतदान के लिए प्रेरित




**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि जिले के दूरस्थ वनग्राम बोरी में ग्रामीणों को मतदान के लिये प्रेरित करने के लिये सेल्फी पाइन्ट स्थापित किये गये। वनग्राम उंचाबरारी में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत दीपगांवकला में महिला मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के लिये प्रेरित किया गया। इसी प्रकार खिरकिया के वार्ड क्रमांक 10 में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित कर मतदान की शपथ दिलाई गई।

## महेश्वर व पिपलझोपा में मतदाताओं को दिलाई मतदान करने की शपथ



**खरगोन।** 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में जिले के ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके इसके लिए जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अभियान के अंतर्गत विविध गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शनिवार को महेश्वर एवं पिपलझोपा में मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नागरिकों से देश के लोकतंत्र को मजबूत करने व क्षेत्र के विकास के लिए अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सारे काम छोड़कर सबसे पहले वोट करने जाना है। इस दौरान मतदाताओं को बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए एवं अपने क्षेत्र के विकास के लिए सभी मतदाताओं का मतदान करना बहुत जरूरी है। मतदाताओं से कहा गया कि वे 13 मई को स्वयं मतदान करने के साथ ही अपने पास पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।